


चेटीचंड-गुढ़ीपाड़वा विशेषांक

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ▪ अंक : 16 ▪ शुक्रवार, 20 मार्च 2026 ▪ 3 रुपए ▪ पृष्ठ 16

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


हिंदू नव वर्ष गुढ़ीपाड़वा व चेटीचंड के पावन पर्व पर 'उल्हास विकास' परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापन-दाताओं एवं शुभचिंतकों को ढेर सारी शुभकामनाएं।

-संपादक

# जय झूलेलाल के जयकारों से गूंजा शहर

## चेटीचंड महाबाइक रैली ऐतिहासिक रही

## चेटीचंड महा बाइक रैली में उमड़ी हजारों की भीड़











▪ **सिंधी समाज की एकता व ताकत की दिखी झांकी**

▪ **बाजारों में प्रसाद व शरबत बांटा गया**

**उल्हासनगर।** सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के पावन पर्व पर उल्हासनगर शहर में महा बाइक रैली का आयोजन गुरुवार 19 मार्च को किया गया था। इस महा बाइक रैली में हजारों की संख्या में महिलाओं व युवाओं ने भाग लेकर इस रैली को सफल बनाया। बाईक रैली समिति के सदस्य महेश सुखरामानी, भारत राजवानी (गंगोत्री), शंकर नागरानी, हीरो बोधा, अनिल बठिजा, महेश मूलचंदानी, सोनू विशनानी तथा जयराम खत्री की देखरेख में इस महा रैली का आयोजन हुआ।



ज्ञात हो कि चेटीचंड के महापर्व पर इस महा बाइक का आयोजन गुरुवार 19 मार्च 2026 को किया गया। यह रैली उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया से निकाली गई। सुबह 10 बजे झूलेलाल मंदिर प्रमुख भाऊ लीलाराम मंडली द्वारा बहराणा साहिब का आयोजन किया गया जहां झूलेलाल के भक्तों ने नाचते-गाते हुए इस रैली की शुरुआत की। सुबह करीब 11.30 बजे यह महा बाइक रैली कैम्प 1 से निकली और शहर के प्रमुख चौक पर सन्मानीय महापुरुषों के पुतले पर माल्यार्पण कर यह रैली दोपहर 2 बजे कैम्प 5 स्थित कैलाश कॉलोनी में समाप्त हुई। जहां आए हुए हजारों लोगों का समिति के सदस्यों ने आभार प्रकट किया। इस बाइक रैली में साईं वसण शाह दरबार के छोटू साईं, महापौर अश्विनी निकम, उपमहापौर अमर लुंड, पूर्व विधायक पप्पू कालानी, बिल्डर महेश अग्रवाल, उदव रूपचंदानी, जमनू पुरस्वानी, दीपक वाटवानी ग्रुप, दुर्गा प्रसाद, राजू जग्यासी सहित शहर के व्यापारी, युवा, महिलाएं बड़ी संख्या में इस महा बाइक में शामिल हुए। यह महा बाइक रैली उल्हासनगर-1 रिजेंसी एंटीलिया से शुरू होकर बिरला गेट, कैम्प 1 बस स्टैंड से गोल मैदान निरंकारी हॉल, नेहरू चौक, फर्निचर बाजार, शिवाजी चौक, सेक्शन 17, हीरा घाट, पवाई चौक, श्रीराम चौक से उल्हासनगर-4 मेन बाजार, 25 सेक्शन, नेताजी चौक, गांधी रोड, चालिहा साहब, दूध नाका से होते हुए कैलाश कॉलोनी स्थित जय झूलेलाल प्रवेश द्वार पर संपन्न हुई। हर रास्ते पर व्यापारी भाइयों द्वारा पानी, नाश्ता व शरबत की व्यवस्था की गई थी। समिति के सदस्यों का स्वागत व्यापारियों ने किया। आज चेटीचंड महायात्रा में सभी लोगों से शामिल होने का आह्वान रैली के आयोजकों ने किया है।










# अंबरनाथ में हिंदू नववर्ष स्वागत यात्रा उत्साह के साथ निकाली गई





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में हिंदू नववर्ष स्वागत यात्रा उत्साह के साथ शहर पूर्व के हेरंब मंदिर से निकाली गई. ढोल-ताशा, लेझिम की धुन पर नाचते गाते कई स्कूल के विद्यार्थी, संस्था के पदाधिकारी, महिला मंडल जो कि पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत यात्रा में शामिल रहे. शहर पूर्व और पश्चिम से सैकड़ों लोग पारंपरिक वेशभूषा में इस स्वागत यात्रा में आए हुए थे. अंबरनाथ पूर्व के हेरंब मंदिर से सुबह 8 बजे स्वागत यात्रा निकाली गई. ये यात्रा हेरंब मंदिर से शुरू होकर वेल्फेयर सेंटर चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से होते हुए हुतात्मा चौक पर समारोप हुआ. यात्रा में सामाजिक देखावा और सामाजिक संदेश को महत्व दिया गया. महिला मंडल द्वारा विठ्ठल रखुमाई दशावतार, राक्षस का वध एवं विविध वेशभूषा ने सभी का ध्यान आकर्षित कर दिया था. ढोल ताशा एवं लेझिम पथक ने सबका मन मोह लिया. अंबरनाथ नव वर्ष स्वागत यात्रा की ओर से हिंदू नव वर्ष गत कई वर्षों से हर्षोल्लास के साथ शहर में मनाया जाता है. नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले ने इस अवसर पर कहा कि हिंदू नव वर्ष में शहर में एक अलग ही उत्साह दिखाई दिया है. सभी सहभागी हुए हैं. हिंदू सांस्कृतिक जतन करने का कार्य इस स्वागत यात्रा द्वारा किया जाता है. उन्होंने सभी को गुढ़ी पाड़वा एवं हिंदू नव विर्ष की शुभकामनाएं दीं. इस यात्रा में गुलाबराव करंजुले, निखिल चौधरी, शिवसेना गट नेता रविंद्र करंजुले, कुणाल भोईर, अभिजीत करंजुले कई नगरसेवक उपस्थित थे.

# ईदगाह मैदान में ईद की 3 जमात होगी

- **फितरा प्रति व्यक्ति 100 रुपए रखा गया है**

अंबरनाथ. अंबरनाथ में रमजान ईद की नमाज ईद की सुबह में तीन जमात में ईदगाह मैदान कोहोजगांव में होगी. ऐसी जानकारी मुस्लिम जमात, अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट द्वारा दी गई है. पहली जमात सुबह 7 बजे होगी. नमाज मदीना मस्जिद के इमाम जहीर मौलाना पढ़ाएंगे. दूसरी जमात सुबह 8 बजे गैबन शाह दर्गा के इमाम मौलाना नौशाद और तीसरी जमात सुबह 9 बजे होगी, जो कि जामा मस्जिद के इमाम अमीन रजा पढ़ाएंगे. इसके साथ ही मक्का मस्जिद, मलबारी मस्जिद एवं अहले हदीस की जानिब से भी रमजान ईद की नमाज पढ़ाई जाएगी. इस वर्ष फितरा प्रति व्यक्ति 100 रुपए रखा गया है, जो नमाज से पूर्व अदा करना है. जकात और फितरा हर वर्ष अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के ट्रस्टी, अध्यक्ष व मेम्बर दर्गा के पास जमात आफिस से जरूरतमंदों में वितरित की जाती है. हजरत गैबनशाह वली, शहंशाह अंबरनाथ के उर्स की घोषणा भी कर दी गई है. उर्स 24 अप्रैल 2026 से 3 मई 2026 के बीच होगा, जिसमें कव्वाली का प्रोग्राम भी रखा गया है. उर्स के चेयरमैन ट्रस्टी डॉ. जुबेर शाह होंगे. ऐसी जानकारी पत्रकारों को भेजे गए घोषणा पत्र में की गई है. सऊदी अरब मक्का मदीना में शुक्रवार को ईद होगी. इसलिए कहा गया है कि 20 मार्च शनिवार को भारत में ईद होगी.

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया गया सम्मान



**उल्हासनगर** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विधायक कुमार आयलानी, पूर्व महापौर और नगरसेविका मीना आयलानी और भाजपा महिला मोर्चा की ओर से उल्हासनगर के अरुण कुमार वैद्य ऑडिटोरियम (टाउन हॉल) में महिलाओं के लिए एक बड़ा मार्गदर्शन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साह से मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान पूनम गुप्ता ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया और उन्हें गाइड किया। महिला पार्षदों और समाज सेवा में शामिल पार्षदों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, कल्चरल प्रोग्राम में मराठी, गुजराती और राजस्थानी कल्चर को दिखाते हुए एक शानदार डांस परफॉर्मेंस दी गई, जिसे वहां मौजूद महिलाओं ने खूब पसंद किया। इसके अलावा, 'होम मिनिस्टर' प्रोग्राम के तहत लकी ड्रॉ कूपन, कई दिलचस्प गेम्स और दूसरी एक्टिविटीज़ भी रखी गईं, जिनमें महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। पूरा प्रोग्राम उत्साह और खुशी से भरा हुआ था।

इस मौके पर MLA कुमार ऐलानी, उप महापौर अमर लुंड, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट राजेश वढारिया, पूर्व डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट प्रदीप रामचंदानी, कॉरपोरेटर मीना ऐलानी और कई दूसरे गणमान्य लोग मौजूद थे। BJP महिला मोर्चा की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मंगला चंदा और महिला मोर्चा की दूसरी पदाधिकारियों ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, जिससे प्रोग्राम बहुत सफल और यादगार बन गया।

# होस्पेट एक्सप्रेस में नशे में धुत यात्री

**ठाणे.** बुधवार रात ठाणे रेलवे पुलिस ने होस्पेट एक्सप्रेस से एक यात्री को हिरासत में लिया जो नशे में यात्रियों को परेशान कर रहा था। पुलिस ने बताया कि उस यात्री के खिलाफ ठाणे लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।CSMT रेलवे पुलिस स्टेशन में काम करने वाले शिकायतकर्ता पुलिस कांस्टेबल शुभम संजय पाटिल की शिकायत के अनुसार, वह 18 मार्च, 2026 की रात को मेल पेट्रोल ड्यूटी के दौरान ट्रेन नंबर 11139 होस्पेट एक्सप्रेस में थे। जब ट्रेन रात करीब 9.53 बजे ठाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर रुकी, तो कोच नंबर 54 में सीट नंबर 37 पर बैठा एक यात्री पड़ोसी यात्री से बहस कर रहा था।

जब शिकायतकर्ता पाटिल यात्री के पास गए और पूछा, तो उन्हें शक हुआ कि उसने शराब पी रखी है। इस समय, उनके साथ पेट्रोलिंग पर मौजूद अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। इस बीच, ट्रेन के कल्याण स्टेशन से गुजरने के बाद, यात्री को अगले स्टेशन, कर्जत पर हिरासत में ले लिया गया।

# पैसे के झगड़े में युवक पर चाकू से हमला

**ठाणे.** वागले एस्टेट इलाके में माघी गणपति के लिए बैंजो के पैसे के झगड़े में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया। इस मामले में श्रीनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है और आरोपी फरार है।वागले एस्टेट इलाके के रहने वाले प्रतीक साकट (30) की शिकायत के मुताबिक, उसका दोस्त सोहम नांगरे (21) किसाननगर में बल्लालेश्वर मित्र मंडल का प्रेसिडेंट है। जनवरी 2026 में मंडल ने माघी गणपति के विसर्जन के दौरान बैंजो का ऑर्डर दिया था। लेकिन, जब उस ऑर्डर के पैसे नहीं दिए गए, तो संबंधित व्यक्ति ने साकट से बार-बार पैसे मांगे। इस पर साकट और नांगरे के बीच बहस हो गई। 19 मार्च, 2026 को सुबह करीब 12:30 बजे जब साकट किसाननगर में मैदान के सामने पान टपरी के पास गया, तो उसे उसका दोस्त शौर्य आचरेकर मिला। जब दोनों बातें कर रहे थे, तभी सोहम नांगरे अचानक पीछे से आया और उसने सकत के बाएं हाथ की कोहनी और कलाई पर तेज चाकू से वार कर दिया। इस हमले में सकत का हाथ बुरी तरह घायल हो गया और काफी खून बहने लगा। हमले के बाद आरोपी ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। वह शौर्य आचरेकर की मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गया। घायल हालत में घर लौटने के बाद सकत अपने पिता के साथ श्रीनगर पुलिस स्टेशन पहुंचा। शिकायत में कहा गया है कि डॉक्टरों ने उसके बाएं हाथ पर कुल 13 टांके लगाए हैं। इस मामले में श्रीनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है और सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर गुलजारीलाल फड़तरे की देखरेख में आगे की जांच चल रही है।

# आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर और नसबंदी केंद्र

- **ठाणे में माजीवाड़ा फ्लाईओवर के नीचे होगा निर्माण**
- **7.69 करोड़ रुपये की लागत**



**ठाणे.** ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को मैनेज करने के लिए एक नए प्लान की घोषणा की है। सिविक बॉडी ने 7.69 करोड़ की लागत से माजीवाड़ा फ्लाईओवर के नीचे एक खास शेल्टर और स्टरलाइज़ेशन फैसिलिटी बनाने की योजना बनाई है।

यह प्रपोज़ल फाइनल अप्रूवल के लिए 18 मार्च को जनरल बॉडी मीटिंग में रखा जाएगा। अप्रूवल मिलने के बाद, प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद की गई है, जिसमें आवारा कुत्तों को सही तरीके से स्टरलाइज़ेशन और वैक्सीनेशन के बाद तय शेल्टर में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है।

### माजीवाड़ा ट्रैफिक पुलिस चौकी के पीछे बनाई जाएगी

यह फैसिलिटी माजीवाड़ा ट्रैफिक पुलिस चौकी के पीछे बनाई जाएगी। इसमें कुत्तों के लिए टेम्पररी शेल्टर, एक आउटपेशेंट ट्रीटमेंट सेंटर और एक स्टरलाइज़ेशन यूनिट शामिल होगी। यह सेंटर शहर में आवारा कुत्तों के स्टरलाइज़ेशन और मेडिकल केयर पर फोकस करेगा।

यह प्रोजेक्ट पहले भयंदरपाड़ा के लिए प्लान किया गया था। हालांकि, ज़मीन खरीदने में दिक्कतों के कारण इसे दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ा। बाद में, प्रोजेक्ट को माजीवाड़ा में शिफ्ट करने का फैसला किया गया। म्युनिसिपल कमिश्नर सौरभ राव इस प्रोजेक्ट की देखरेख कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस फैसिलिटी का डिज़ाइन जानवरों की देखभाल के प्रोजेक्ट्स पर आधारित है, जिन्हें छत्रपति संभाजीनगर में सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

### आवारा कुत्तों की संख्या 40,000 से 50,000 के बीच

सिविक बॉडी के डेटा से पता चलता है कि ठाणे में आवारा कुत्तों की संख्या 40,000 से 50,000 के बीच है। इनमें से लगभग 50 परसेंट कुत्तों की नसबंदी पहले ही हो चुकी है। अधिकारियों ने अब अगले तीन सालों में 80 से 85 परसेंट नसबंदी का टारगेट रखा है।

ठाणे इलाके में हाल ही में हुए एक हमले के बाद आवारा कुत्तों को लेकर चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार, 6 मार्च को एक दो साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मुंबई पुलिस के मुताबिक, बच्ची एक दूसरी बच्ची के साथ घूम रही थी, तभी एक आवारा कुत्ते ने अचानक पीछे से उस पर हमला कर दिया। उसके ज़मीन पर गिरने के बाद भी कुत्ता हमला करता रहा।

बच्ची को पास के हॉस्पिटल ले जाया गया और अभी उसकी चोटों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह अकेली घटना नहीं है और ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

# गुढ़ी पाड़वा पर हिंदू नववर्ष स्वागत यात्रा की धूम

- संस्कृति और परंपरा की दिखाई दी झलक

**कल्याण.** डोंबिवली में सांस्कृतिक परंपरा और उत्साह के साथ गुड़ी पड़वा मनाया गया। नववर्ष के स्वागत में करीब 3 किलोमीटर लंबी भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें 28 साल पुरानी परंपरा एक बार फिर पूरे जोश के साथ देखने को मिली। इस शोभा यात्रा में हजारों नागरिक पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभा यात्रा में विशेष में विशेष रूप से कल्याण के सांसद डा.श्रीकांत शिंदे और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण मौजूद थे।यात्रा का आयोजन



नववर्ष स्वागत यात्रा कोऑर्डिनेशन कमेटी और श्री गणेश मंदिर संस्थान द्वारा किया गया।

### ढोल-ताशों में दिखी सांस्कृतिक झलक-

इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, सांसद डा.श्रीकांत शिंदे, विधायक राजेश मोरे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदू परब, नगरसेवक विश्वनाथ राणे, भाजपा नगरसेवक दीपेश म्हात्रे, शिवसेना (शिंदे) उपजिला प्रमुख राजेश कदम, श्री गणेश मंदिर संस्थान की ट्रस्टी अलका मुतालिक, ठाणे पुलिस आयुक्त प्रशांत डुंबरे, डीसीपी




अतुल झेंडे और संयोजक अमेय काटदरे सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। भागशाला मैदान से शुरू हुई यह यात्रा पेंढारकर कॉलेज, सुभाष रोड, मदन चौक होते हुए फड़के रोड तक पहुंची। रास्तेभर ढोल-ताशा, लोक संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को उत्सवमय बनाए रखा।

### झांकियां रही आकर्षण का केंद्र-

जुलूस में हिंदू संस्कृति पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल थीं, जिनमें “वंदे मातरम” थीम ने खास ध्यान खींचा। सांसद शिंदे की पहल पर निकाली गई विकास को दर्शाने वाली झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कल्याण लोकसभा क्षेत्र में चल रहे और प्रस्तावित परियोजनाओं को दिखाया गया। सांसद श्रीकांत शिंदे की पहल पर तैयार इस झांकी में डबल-डेकर ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर, मेट्रो, खिड़कली शिवमंदिर के सौंदर्यीकरण, उल्हासनगर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, संत सवालाराम महाराज म्हात्रे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और बेटावडे के आगरी-कोली वारकरी भवन के मॉडल प्रस्तुत किए गए। शोभा यात्रा के उपरांत सांसद डा.श्रीकांत शिंदे ने कहा कि इस झांकी का उद्देश्य क्षेत्र में हो रहे तेजी से विकास की झलक दिखाना है। शोभा यात्रा देखने के लिए रास्तों पर हजारों की भीड़ लगी रही।

### बिल्डिंग रीडेवलपमेंट को लेकर विवाद

# बिल्डर ने बिल्डर पर हमला किया

**कल्याण.** कल्याण वेस्ट में बिरला कॉलेज रोड के भोइरवाड़ी इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग के रीडेवलपमेंट का काम कर रहे एक डेवलपर पर बिल्डिंग के रीडेवलपमेंट के विवाद में दूसरे डेवलपर और उसके छह समर्थकों ने लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। डेवलपर का कल्याण के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

इस मामले में खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। गंभीर रूप से घायल डेवलपर का नाम मिलिंद साहेबराव चव्हाण (44) है। वह अपने परिवार के साथ कल्याण वेस्ट के चिकनघर इलाके में रहता है। डेवलपर चव्हाण की शिकायत के आधार पर पुलिस ने डेवलपर प्रताप धोबले और उनके पांच से छह समर्थकों और दोस्तों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड, 2023 की 18 धाराओं, यानी 110, 352, 190, 135 के तहत केस दर्ज किया है।

घायल डेवलपर मिलिंद चव्हाण ने पुलिस स्टेशन में दी गई अपनी शिकायत में कहा है कि हाउस ऑफ चव्हाण के तहत उनकी साई गजानन इन्फो नाम की एक बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी है। इस कंपनी के तहत हम कल्याण शहर में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। हमने अभी कल्याण वेस्ट में बिरला कॉलेज रोड पर भोईर इलाके में शिवधाम सोसाइटी के रीडेवलपमेंट का काम शुरू किया है। हमने इस रीडेवलपमेंट से जुड़ी सभी पेपरवर्क पूरी कर ली है।

# राशन देने के बहाने महिला से 3 लाख रुपये ठगे

**ठाणे.** वागले एस्टेट पुलिस ने बताया कि वागले एस्टेट इलाके की 53 साल की एक महिला से राशन देने के बहाने 3 लाख रुपये ठगे गए। यह घटना 16 मार्च, 2026 को दोपहर करीब 12.15 बजे हुई।आरोपियों ने वागले की रहने वाली 53 साल की शिकायत करने वाली लता सावंत से सड़क पर बात की और सावंत को पास की एक गली में ले जाकर कहा, “हमारा सेठ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है।उसका भरोसा जीतने के लिए उन्होंने सावंत को 500 रुपये का नोट भी दिया। फिर यह कहते हुए कि सेठ को काले मोतियों से एलर्जी है उन्होंने उसके गले से सोने के मोतियों वाला मंगलसूत्र उतारने के लिए मजबूर किया। आरोपियों ने उससे अपना पर्स और चप्पल एक सफेद बैग में रखने को कहा। काफी देर बाद सावंत ने बैग खोला तो देखा कि उसमें सिर्फ चप्पलें थीं और पर्स या सोने का मंगलसूत्र नहीं था, जिसका वजन 23.600 ग्राम था और कीमत करीब 3 लाख रुपये थी। यह पता चलने पर उन्होंने श्रीनगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# 'सीनियर सिटिज़न विनायक कट्टा' पार्किंग की वजह से मुश्किल में



- 'नो पार्किंग' की मांग ज़ोर पकड़ रही है
- ठाणे मनपा और ट्रैफिक विभाग ने तुरंत कार्रवाई की मांग की

**ठाणे.** कोपरी ईस्ट के अष्टविनायक चौक में 'सीनियर सिटिज़न विनायक कट्टा', जिसे मिनी शिवाजी पार्क के नाम से जाना जाता है, आजकल बेतरतीब पार्किंग की वजह से मुश्किल में है। इस कट्टा का असली मकसद, जो सीनियर सिटिज़न के बैठने और इलाके के लोगों के बातचीत करने के लिए बनाया गया था, गाड़ियों की भीड़ में खोता जा रहा है।

ठाणे मनपा ने इस इलाके में सीनियर सिटिज़न के लिए यह खास कट्टा बनवाया था, जो हमेशा कल्चरल, पॉलिटिकल और एजुकेशनल एक्टिविटीज़ से भरा रहता है। कुछ महीने पहले, कट्टा का शेड खराब हो जाने के बाद, डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के फंड से इस कट्टा को ठीक करवाया गया।लेकिन, रेनोवेशन के बाद भी, फेंस के सामने अव्यवस्थित पार्किंग की तस्वीर बनी हुई है। फेंस के सामने टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर की लाइन देखी जा सकती है। लोकल लोगों की शिकायत है कि लोकल गाड़ियों के बजाय बाहर से आने वाली गाड़ियां यहां मनमाने तरीके से पार्क की जाती हैं।गाड़ियों की इस अतिक्रमण वाली पार्किंग ने सीनियर सिटिजन के लिए फेंस पर बैठना मुश्किल कर दिया है। इस वजह से, यह खूबसूरती से बना 'सीनियर सिटिजन विनायक कट्टा' अक्सर सुनसान दिखता है। इसलिए, लोगों की मांग है कि कोई भी गाड़ी फेंस के सामने पार्क न हो, इसके लिए पक्की प्लानिंग की जाए।




JEWEL PRISMM
JEWEL BUILDERS
A SIGNATURE OF TRUST
JEWEL Vistaz
— ENTER A VISTA LIFESTYLE —
Shri Jairaj Kalyani
(Chairman)
KALYANKAR CHI
एकमेव
CHOICE
Happy Cheti Chand & Gudi Padvaa
10,000 SQ.FT GRAND CLUBHOUSE
1 & 2 BHK STARTING FROM
₹33.99 L
ADIVALI - DHOKALI, OFF. MALANG ROAD KALYAN EAST
779 666 5555
MahaRERA No.: P51700080782
MahaRERA No.: P51700052410

# लोगों के विकास में खुशहाली की सुबह लाने का संकल्प

## जिले में गुड़ी पड़वा का त्योहार खुशी से मनाया गया

**ठाणे.** हमारा काम महाराष्ट्र के हर घर पर खुशी, तरक्की और विकास की गुड़ी को गर्व से लगाना होना चाहिए। हमारा संकल्प किसानों, मेहनतकशों, युवाओं और माताओं-बहनों की ज़िंदगी में उम्मीद की एक नई किरण जगाना और उन्हें कामयाबी की ऊंचाइयों तक ले जाना है। सरकार आम आदमी के सपनों को मजबूत करने और यह पक्का करने के लिए काम करती रहेगी कि उनकी ज़िंदगी में स्थिरता, खुशहाली और आत्मविश्वास की एक नई सुबह आए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा।गुड़ी पड़वा के पावन मौके पर, ठाणे शहर ने सांस्कृतिक चमक, परंपरा के गर्व और सामाजिक एकता का एक अद्भुत संगम देखा। कोपिनेश्वर मंदिर नववर्ष स्वागत समिति की तरफ से आयोजित भव्य न्यू ईयर वेलकम परेड ठाणेकरों की सांस्कृतिक पहचान का एक जीवंत उत्सव था। ढोल-नगाड़ों की आवाज़, भगवा झंडों की लय और पारंपरिक वेशभूषा



की सुंदर सजावट के बीच, नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ इस परेड में हिस्सा लिया।घरों पर बनाए गए गुढ़िया, फूलों की मालाएं, जोश से भरा माहौल और सड़कों पर खुशी, इन सबने ठाणे के सांस्कृतिक माहौल को और बढ़ा दिया।शहर के अलग-अलग सामाजिक संगठनों, स्कूलों, बैंकों और सांस्कृतिक मंडलों द्वारा पेश किए गए आकर्षक और सार्थक चित्ररात इस परेड का मुख्य आकर्षण थे। इन चित्ररातों ने पर्यावरण संरक्षण, अंगदान, आयुर्वेद का महत्व, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर असरदार संदेश देकर समाज के लोगों को जगाया। हर चित्ररात सामाजिक जागरूकता का संदेशवा-हक था।इसके अलावा, बच्चों द्वारा किए गए मल्लखंभ और अलग-अलग शारीरिक व्यायाम के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक कला और नई पीढ़ी की ऊर्जा का ऐसा सुंदर संगम इस जुलूस में देखने को मिला। अलग-अलग जगहों पर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं, बातचीत की और जश्न मनाया, जिससे गुड़ी पड़वा त्योहार की मिठास और बढ़ गई।डिप्टी सीएम शिंदे ने बताया कि ठाणे में यह गुड़ी पड़वा जुलूस सिर्फ परंपरा का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह स्वर्गीय आनंद दिघे की दी हुई सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखने और उसे बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने वाला त्योहार है।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा आपस में टकराईं 5 गाड़ियां, 3 लोगों की मौत

**मुंबई.** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बुधवार को एक भीषण दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक ट्रक की एक कार के ऊपर पलटने से हुआ, जिसके बाद कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह दुर्घटना मुंबई की ओर जाने वाले रास्ते पर खोपोली एग्जिट के



पास एक सुरंग के करीब हुआ। इस हादसे में चार से पांच वाहन एक के बाद एक आपस में टकरा गए, जिससे वाहनों का एक बड़ा ढेर लग गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा हादसे में करीब चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और राहत-बचाव की टीमें मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इस घटना के कारण मुंबई की ओर जाने वाली लेन पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतारें देखी गईं। शुरुआती जांच से पता चलता है कि कई गाड़ियों के आपस में टकराने से यह हादसा हुआ। पुलिस दुर्घटना के सही कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या मामले में 2 दोषियों को आजीवन कारावास

**ठाणे.** जिला एवं सत्र न्यायालय ने 8 साल पहले काशीमीरा इलाके में गोली मारकर की गयी हत्या के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.जबकि पुख्ता सबूत नहीं होने की वजह से दो आरोपियों को बरी कर दिया. अभियोजन पक्ष के मुताबिक काशीमीरा पुलिस थाना क्षेत्र में 6 अप्रैल, 2017 को शामू लहरी गौड़ की उनके निवास पर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए थे. मृतक उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले का मूल निबसी था मृतक की पत्नी की तहरीर पर काशीमीरा पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था.इस मामले में पुलिस ने सुनीलकुमार बितुली रजक (36), सुदीपकुमार राजू रविदास (24), उमेश राजू रविदास (24) एवं आशिषकुमार तिलक भुईया (20) को गिरफ्तार किया था.




चेटीचंड महाबाईक रैली 2026
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं !
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा...
श्री भारत राजवानी
(गंगोत्री)
जिला अध्यक्ष राकांपा, उल्हासनगर
पूर्व सभागृह नेता,
उल्हासनगर महानगरपालिका
हा मां सिन्धी आहियां
श्रीमती सोनिया धामी
प्रदेश महासचिव


चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को हार्दिक बधाई
نوجیون کو آپریٹو بنک لمیٹیڈ
Nav Jeevan CO-OP. BANK LTD.
Head Office: Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.
Phone (STD) : 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
www.navjeevanbank.com Email : navjeeevanbank@gmail.com
SERVICES AVAILABLE
THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD.
ESTD : 1985
Features and Services of Bank
Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
24x7 NEFT/RTGS Services.
Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
Insurance Service through corporate Partners
Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

# ठाणे में अजय देवगन का लग्जरी मल्टीप्लेक्स शुरू





- **देवगन सिनेक्स में 5 स्क्रीन और 953 सीटें**
- **भारत में पहली बार बटकिकर मोशन सीट्स**

**ठाणे.** बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की मल्टीप्लेक्स चेन 'देवगन सिनेक्स' ने ठाणे के घोड़बंदर रोड पर अपना नया सिनेमाघर लॉन्च किया है। हीरानंदानी एस्टेट के द वॉक में स्थित इस मल्टीप्लेक्स में 5 लग्जरी स्क्रीन और 953 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

यह थिएटर 19 मार्च को इस सीजन की सबसे बड़ी फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज के साथ आम जनता के लिए खुल गया.

इस मल्टीप्लेक्स की सबसे बड़ी खासियत यहां की टेक्नोलॉजी है। देश में पहली बार किसी थिएटर में 'बटकिकर' मोशन सीट्स लगाई गई हैं। यह तकनीक पर्दे पर चल रहे एक्शन के हिसाब से सीट में वाइब्रेशन (कंपन) पैदा करती है।

इससे दर्शकों को ऐसा महसूस होगा जैसे वे खुद फिल्म के एक्शन का हिस्सा हैं। इसके अलावा, यहां 'अमोर' नाम का एक खास ऑडिटोरियम भी है, जिसमें सभी सीटें लग्जरी रिक्लाइनर हैं।

**अजय देवगन बोले- यह फिल्म देखने का अनुभव बदलेगा**

अपने इस नए प्रोजेक्ट के बारे में अजय देवगन ने कहा, ₹मेरे लिए सिनेमा हमेशा से बड़े पर्दे पर कहानी को खुलते हुए देखने का अनुभव रहा है। देवगन सिनेक्स के जरिए हमारा लक्ष्य एक ऐसा थिएटर अनुभव देना है, जहां बेहतरीन टेक्नोलॉजी और आराम मिलकर फिल्म देखने के तरीके को और बेहतर बना सकें।₹

**19 शहरों में फैला है 'देवगन सिनेक्स' का नेटवर्क**

अजय देवगन ने अपनी इस सिनेमा चेन की शुरुआत 'NY सिनेमाज' के नाम से की थी, जिसे अब 'देवगन सिनेक्स' के रूप में नई पहचान दी गई है। फिलहाल यह ब्रांड देश के 19 शहरों में 57 स्क्रीन ऑपरेट कर रहा है।

इसमें मुंबई, गुरुग्राम, अहमदाबाद, गांधीनगर, गुवाहाटी, गाजियाबाद और कानपुर जैसे बड़े शहर शामिल हैं। ठाणे का यह नया सिनेमाघर इस चेन का लेटेस्ट और सबसे एडवांस वर्जन है।




चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को

हार्दिक शुभेच्छा

हा मां सिन्धी आहियां

KUMAR P. CHAINANI

S.S. Academy

Kavita Pride, Nr. Vasant Park, Behind Agarwal College,
Vasant Valley Rd., Gandhare, Khadakpada, Kalyan (W) 421 301
Tel.:0251-3272666



चेटीचंड महाबाईक रैली 2026

चेटीचंड जूं लख लख वादायूं!





चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं



मीना कौर अजित सिंह लबाना
नगरसेविका पैनल-2
पूर्व सभापति महसूल समिति (उमनपा)



श्री गुरदीप सिंह (बॉक्सर भाई
युवा मोर्चा अध्यक्ष
उल्हासनगर जिला



मनोज सिंह
युवा नेता
Mo. 9518990605



श्री अजित सिंह लबाना
जनरल सेक्रेटरी - उल्हासनगर शहर भाजपा
Mo. 7666939223

बैरक नं. 363, सोनारा हॉल के पास, उल्हासनगर-2. मो. 9322779522


चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा...
SUMIT
CHAKARBORTY
TEAM OMIE KALANI
Ulhasnagar trade ASSOCIATION
UTA CHAIRMAN
आकाश सुमित चक्रवर्ती
शिवसेना युवा नगरसेवक, पैनल-9


चेटीचंड महाबाईक रैली 2026
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं!
चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा...
हा मां सिन्धी आहियां
श्री
दिनेश लहरानी
अध्यक्ष
JVA JEANS VYAPARI ASSOCIATION


चेटीचंड महाबाईक रैली 2026
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं!
चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा
हा मां सिन्धी आहियां
डॉ. नीना नाथानी
MD
पूर्व नगरसेविका, उल्हासनगर मनपा
पूर्व अध्यक्ष- टीपीडी-उल्हासनगर
डॉ. प्रकाश नाथानी
MBBS
पूर्व नगरसेवक, उल्हासनगर मनपा
अध्यक्ष- आईएमए, उल्हासनगर

# राष्ट्रपति ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए

- **तमिलनाडु से लाए श्रीराम यंत्र की स्थापना की, मंदिर परिसर देखा**

**अयोध्या.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं। उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को भी देखा। सीएम योगी ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।

राष्ट्रपति ने कहा- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना ही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया।

वहीं, सीएम योगी ने कहा- दुनिया के तमाम देशों में उथल-पुथल मची हुई है। युद्ध चल रहा है। जबकि भारत में शांति है। ये नया और बदलता हुआ भारत है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा- आस्था को पहले अंधविश्वास कहकर अपमानित किया जाता था। अपमानित करने वाले वही लोग हैं, जो यूपी और देश की सत्ता में रहते थे। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और मथुरा वृंदावन की बात करना उनके लिए अंधविश्वास का पर्याय था।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राष्ट्रपति का यह दूसरा अयोध्या दौरा है। इससे पहले वह 1 मई, 2024 को अयोध्या आई थीं। राष्ट्रपति अयोध्या में करीब 5 घंटे रुकने के बाद दोपहर 3 बजे मथुरा के लिए रवाना हो गईं। जहां वह इस्कॉन और प्रेम मंदिर में दर्शन करेंगी। शुक्रवार यानी 20 मार्च को प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करेंगी।



### राम यंत्र के बारे में जानिए

राम यंत्र को कांचीपुरम (तमिलनाडु) स्थित मठ में तैयार किया गया। इसके बाद इसे कांचीपुरम से तिरुपति (आंध्र प्रदेश) लाया गया। फिर रथयात्रा के जरिए 10 दिन पहले इसे अयोध्या पहुंचाया गया। राम यंत्र का वजन 150 किलो है। इस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। अयोध्या के ज्योतिषाचार्य रघुनाथ दास शास्त्री ने बताया- राम यंत्र एक विशेष वैदिक ज्यामितीय संरचना है। इसमें भगवान श्रीराम और अन्य देवी-देवताओं की दिव्य ऊर्जा को मंत्रों और आकृतियों के माध्यम से स्थापित किया गया है। इसे अत्यंत शुभ और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

# पंजाब में महिलाओं के लिए खोला योजनाओं का पिटारा

- **33% आरक्षण, मासिक सहायता और नौकरी भी**

**चंडीगढ़.** पंजाब के गौरवशाली विकास के सफर में महिलाओं की अहम भूमिका का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई हैं। CM मान ने गुरुवार को प्रशासन, अर्थव्यवस्था और समाज में महिलाओं के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा है कि वास्तविक महिला सशक्तिकरण शिक्षा, उचित प्रतिनिधित्व और आर्थिक अवसरों के माध्यम से ही संभव है। जमीनी स्तर पर अपने कौशल से सफल हुई महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए आज मोहाली में आयोजित समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 'आप' सरकार की पहलों, नौकरियों में आरक्षण और वित्तीय सहायता सहित व्यापक आजीविका कार्यक्रमों की जानकारी दी और महिलाओं से निर्णय लेने वाले पदों तक पहुंचने और राज्य के भविष्य को संवारने की अपील की। महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, "यह बेहद जरूरी है कि लड़कियां आगे आएं और शिक्षा के माध्यम से खुद को सशक्त बनाएं। यह देश के लिए लाभदायक है क्योंकि घर और परिवार को बेहतर तरीके से संभालने वाली महिलाएं देश की व्यवस्था को भी बेहतर ढंग से चला सकती हैं। राज्य सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही।"

# अगर पत्नी किसी और के साथ चली गई तो...

- **वापस लाने की याचिका लेकर पहुंचे पति से क्या बोला हाईकोर्ट**



**चेन्नई.** मद्रास हाई कोर्ट का कहना है कि अगर महिला अपनी मर्जी से किसी और के साथ गई, तो हेबियस कॉर्पस के तहत इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। दरअसल, याचिकाकर्ता का कहना था कि पुलिस में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद भी पत्नी को वापस लाने के प्रयास नहीं किए गए हैं। इसके बाद उसने पत्नी को वापस लाने की मांग अदालत से की थी।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरई बेंच ने कहा कि जो साथी अपनी मर्जी से ससुराल छोड़कर गया है, उसे वापस लाने के लिए हेबियस कॉर्पस पिटीशन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हेबियस कॉर्पस पिटीशन का मतलब ऐसी अदालती याचिका है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति को अवैध रूप से पुलिस या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हिरासत में रखा गया हो।

याचिका पर जस्टिस ए आनंद वेंकटेश और जस्टिस पी धनबल की बेंच सुनवाई कर रही थी। एस मुरुगन नाम के शख्स ने हेबियस कॉर्पस पिटीशन दाखिल की थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाए थे कि 6 मार्च 2026 से उसकी पत्नी और 2 बच्चे गुमशुदा हैं। साथ ही मांग की थी कि उन्हें अदालत के सामने पेश किया जाए। कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिए हैं कि महिला और बच्चों का पता लगाया जाए। साथ ही उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाए।

### याचिका में क्या और दूसरा पक्ष क्या बोला

याचिकाकर्ता की शिकायत के अनुसार, एक 'गुमशुदा महिला' की एफआईआर 7 मार्च 2026 को दर्ज कराई थी। जबकि, राज्य की तरफ से कोर्ट में पहुंचे वकील ने कहा कि महिला ने कथित तौर पर दूसरे पुरुष के साथ संबंध बना लिए थे और बच्चों को लेकर अपनी मर्जी से गई थी।

इस दलील पर कोर्ट ने गौर किया और कहा कि जहां तक पत्नी की बात है, तो अगर वह अपनी मर्जी से गई है तो हेबियस कॉर्पस कार्यवाही के तहत कोई आदेश नहीं दिया जा सकता है।









# 8वें वेतन आयोग में बदलेगा DA का फॉर्मूला!

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (DA) की गणना का तरीका एक बार फिर चर्चा में आ गया है। देश की प्रमुख कर्मचारी यूनियन अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (AITUC) समेत कई संगठनों ने सरकार से मांग की है कि मौजूदा फॉर्मूला बदला जाए, क्योंकि यह आज के बढ़ते खर्चों को सही तरीके से नहीं दर्शाता। यह मुद्दा ऐसे समय उठा है जब 8th पे कमीशन ने अपने 18 सवालों वाले प्रश्नपत्र पर सुझाव देने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी है।

दरअसल, DA कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी का अहम हिस्सा होता है, जिसे साल में दो बार (जनवरी और जुलाई) में संशोधित किया जाता है।

यह पूरी तरह महंगाई के आंकड़ों पर आधारित होता है। अभी DA 58% है (जुलाई 2025 से लागू), और जनवरी 2026 में इसके 60% या उससे ज्यादा होने की उम्मीद है। लेकिन यूनियनों का कहना है कि महंगाई जिस तेजी से बढ़ी है, उसके हिसाब से DA का मौजूदा फॉर्मूला पुराना पड़ चुका है।

यूनियनों की सबसे बड़ी मांग यह है कि DA की गणना में परिवार का साइज बढ़ाया जाए। अभी यह फॉर्मूला 3 सदस्यों के परिवार पर आधारित है, जबकि वे इसे 5 सदस्यों का मानना चाहते हैं, जिसमें माता-पिता भी शामिल हों।






# 10वीं के पेपर चोरी, CCTV बंद और सोता रहा गार्ड!

- **नाबालिग ने गायब किए 10वीं के 50 प्रश्न पत्रिका**
- **फिर भी स्कूल ने कराई परीक्षा**

**सोलापुर.** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में 10वीं (SSC) की भूगोल परीक्षा से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है. दरअसल, परीक्षा से ठीक दो दिन पहले भूगोल परीक्षा के प्रश्न पत्र स्ट्रॉन्ग रूम से चोरी हो गए, लेकिन इसके बावजूद परीक्षा तय समय पर ही कराई गई. अब इस पूरे मामले में लापरवाही और सुरक्षा में बड़ी चूक की बात सामने आ रही है.

### क्या है पूरा मामला?




यह घटना सोलापुर के सांगोला स्थित एक स्कूल में हुई, जहां परीक्षा के प्रश्न पत्र सुरक्षित रखे गए थे. लेकिन 18 मार्च को जब चोरी का पता चला, तब तक 50 प्रश्न पत्र गायब हो चुके थे. इसके बावजूद शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा को रद्द नहीं किया और तय समय पर ही परीक्षा कराई.

जानकारी के मुताबिक, 15 मार्च को ही उसी जगह पर चोरी की कोशिश हुई थी. कमरे के ताले के पास काले निशान देखे गए थे, जिससे साफ था कि किसी ने अंदर घुसने की कोशिश की थी. लेकिन उस दिन कोई प्रश्न पत्र चोरी नहीं हुआ, इसलिए मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया. अधिकारियों ने सिर्फ वहां मौजूद होमगार्ड को बताया, लेकिन पुलिस या उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी गई.

17 मार्च को चोरों ने स्ट्रॉन्ग रूम का ताला तोड़ दिया और 50 प्रश्न पत्र चुरा लिए. इसके बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. हालांकि, शिक्षा बोर्ड ने यह कहते हुए परीक्षा जारी रखी कि प्रश्न पत्र छात्रों तक नहीं पहुंचे हैं और न ही सोशल मीडिया पर शेयर हुए हैं.

### कई अधिकारियों को किया गया सस्पेंड

इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कुछ अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है. इनमें स्कूल से जुड़े जिम्मेदार लोग और एक पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. जांच में यह सामने आया कि कई लोगों ने अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभाई, जिससे यह चोरी संभव हो पाई.

दरअसल, 15 मार्च को चोरी की कोशिश के बाद भी पुलिस को सूचना नहीं दी गई. होमगार्ड को वहां निगरानी करनी थी, लेकिन वह अपनी जगह छोड़कर कहीं और सो गया था. वहीं, एक पुलिसकर्मी को भी वहां मौजूद रहना था, लेकिन वह भी मौके पर नहीं था. इन सभी कारणों से सुरक्षा में बड़ी चूक हुई.

- **पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

वहीं, पुलिस ने 18 मार्च की शाम तक इस मामले को सुलझा लिया. जांच में सामने आया कि यह चोरी एक नाबालिग ने की थी. बच्चे ने अपने माता-पिता के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया. पुलिस ने उसके पास से इलेक्ट्रिक कटर, इलेक्ट्रिक बाइक, चोरी किए गए प्रश्न पत्र और कुछ खाली उत्तर पुस्तिकाएं भी बरामद की हैं.

# भाजपा ने 4 राज्यों के उपचनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

- **गोवा में रवि नाइक के बेटे को टिकट**




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर 9 मार्च को होने वाले उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। पार्टी ने गोवा की पोंडा सीट से रितेश रवि नाइक, नगालैंड की कोरिडांग सीट से दाओचिर आई इम्चेन और त्रिपुरा की धर्मनगर सीट से जे. चक्रवर्ती को चुनाव मैदान में उतारा है।

वहीं भाजपा द्वारा जारी सूची के मुताबिक, वीरभद्रय्या चरंतिमठ बागलकोट सीट से चुनाव लड़ेंगे और श्रीनिवास टी दासकारियप्पा कर्नाटक की दावणगेरे दक्षिण सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगे।

- **पूर्व CM के बेटे पर दांव**

गोवा में भाजपा ने रितेश नाइक को उम्मीदवार बनाया है। राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके कृषि मंत्री और पोंडा विधायक रवि नाइक के निधन के बाद विधानसभा चुनाव से ठीक डेढ़ साल पहले पोंडा विधानसभा क्षेत्र में एक सीट खाली हो गई थी। ऐसी अटकलें थीं कि भाजपा उपचुनाव में रवि नाइक के बेटों में से किसी एक को अपना उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल उनके दोनों बेटे, रॉय और रितेश नाइक, पोंडा नगर परिषद में मौजूदा पार्षद हैं।

- **उपचुनावों की घोषणा**

इससे पहले चुनाव आयोग ने गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा विधानसभा की आठ रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव अप्रैल महीने में कराने की घोषणा की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोवा, कर्नाटक , नागालैंड और त्रिपुरा में विधान सभा उप चुनाव नौ अप्रैल को और गुजरात और महाराष्ट्र में 23 अप्रैल को कराए जाएंगे। उन्होंने असम, केरल , पुदुचेरी , तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधान सभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि उपचुनावों की मतगणना भी चार मई को विधान सभा चुनावों की मतगणना के साथ ही कराई जाएगी।

## ठाणे मनपा का 20 अप्रैल को लोकशाही दिन

### 6 अप्रैल तक रिप्रेजेंटेशन जमा करने की अपील

**ठाणे.** लोकशाही दिन की तरह मनपा भी हर महीने के तीसरे सोमवार को ज़ोन लेवल पर लोकशाही दिन का आयोजन करता है ताकि नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके। इसके अनुसार, लोकशाही दिन सोमवार, 20 अप्रैल, 2026 को होगा। ठाणे मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस लोकशाही दिन के लिए 6 अप्रैल तक अपने रिप्रेजेंटेशन जमा करें।








चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की सभी
शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा
हा मां सिन्धी आहियां
चेटीचंड महाबाईक रैली 2026
चेटीचंड जूं लख लख वादायूं !
स्व. श्री दिलीप मोहन (गाडो) रामरख्यानी
दादा मोहन
(गाडो) रामरख्यानी
पूर्व सभापति स्थायी समिति उल्हासनगर महापालिका
श्री अजु मोहन (गाडो) रामरख्यानी
बिल्डर व समाजसेवक


चेटीचंड व गुढ़ीपाड़वा की
सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभेच्छा...
जय सियाराम
महंत तेजनारायणदास बाबा
समाज सेवक
बुवापाडा हुनमान मंदिर, अंबरनाथ

# फेमस ज्योतिषी अशोक खरात गिरफ्तार

## 58 महिलाओं संग वीडियो

**मुंबई.** स्वयंभू धर्मगुरु और ज्योतिषी कैप्टन अशोक खरात को नासिक में पुलिस ने महिलाओं का यौन शोषण करने और उन्हें आपत्तिजनक स्थिति में फिल्माने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से महिलाओं से जुड़े 58 आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए गए हैं। अशोक खरात के कई राजनेताओं, उद्योगपतियों और मशहूर हस्तियों से संबंध बताए जाते हैं, जिनमें से कई कथित तौर पर विभिन्न मामलों पर उनसे सलाह लेते थे। उनकी गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र के सियासी गलियारे में हलचल मच गई है। खरात की एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकंकर के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। एक वीडियो में चाकंकर खरात के पैर धोती और श्रद्धा व्यक्त करती नजर आ रही हैं, जबकि दूसरे में उन्हें अपना गुरु बता रही हैं। रूपाली चाकंकर शिवनिका नामक एक ट्रस्ट की सदस्य भी हैं, जहां अशोक खरात अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

महिलाओं के वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का खेल

पुलिस के अनुसार अशोक खरात कथित तौर पर महिलाओं को नशा कराता था, उनकी वीडियो बनाता था और बाद में उन रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल उन्हें ब्लैकमेल करने और उनका शोषण करने के लिए करता था। अधिकारियों ने यह भी बताया कि उसके खिलाफ बलात्कार के आरोप लगे हैं और एक शिकायत दर्ज की गई है।

### एकनाथ शिंदे के साथ भी तस्वीरें और वीडियो

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई मशहूर हस्तियां, उद्योगपति और राजनेता उससे सलाह लेने आते थे। उन्होंने नासिक और अन्य महानगरों में कई एकड़ जमीन भी खरीदी थी। अशोक खरात मर्चेंट नेवी बैकग्राउंड के होने के कारण लोग 'कैप्टन' के नाम से बुलाते हैं।



अशोक खरात को प्रमुख राजनेताओं, व्यापारियों और मशहूर हस्तियों के करीबी माना जाता है। वह नवंबर 2022 में तब सुर्खियों में आया था जब तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपनी पत्नी लता और दो कैबिनेट मंत्रियों - राधाकृष्ण विखे पाटिल और दीपक केसकर के साथ नासिक जिले में उनके ट्रस्ट द्वारा संचालित एक मंदिर में गए थे।

### अशोक खरात पर इन धाराओं में केस

अशोक खरात पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार) और 69 (धोखाधड़ी या झूठे वादे के माध्यम से यौन संबंध बनाना) के साथ-साथ महाराष्ट्र मानव बलि और अन्य अमानवीय, दुष्ट और अघोरी प्रथाओं और काला जादू निवारण अधिनियम, 2013 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अशोक खरात के पास मिले 58 वीडियो

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अशोक खरात की गिरफ्तारी के बाद उससे कई आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए गए हैं। ये वीडियो अलग-अलग महिलाओं के हैं। ये वीडियो अब मामले के सबूतों का हिस्सा हैं। खरात की गिरफ्तारी और सोशल मीडिया पर शीर्ष महायुति नेताओं के साथ स्वयंभू बाबा की तस्वीरें और वीडियो सामने आने से विपक्ष को सत्ताधारी गठबंधन पर हमला करने का एक बेहतरीन मौका मिल गया। एक वीडियो में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और उनके नेतृत्व वाले शिवानिका संस्थान ट्रस्ट की सदस्य रूपाली चाकणकर को उनके पैर धोते हुए दिखाया गया है।

### शादीशुदा जिंदगी बचाने गई थी महिला, हुई बर्बाद

नासिक पुलिस की अपराध शाखा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अशोक खरात के खिलाफ मंगलवार को एक 27 वर्षीय महिला के साथ झूठे वादों के बहाने बलात्कार और यौन शोषण के आरोप में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वैवाहिक समस्याओं के चलते उसने अशोक खरात से सलाह ली थी, जिसके बाद वह उसके संपर्क में आई। उसने उसे बहकाया और यह कहकर उसका यौन शोषण किया कि अगर वह उसकी इच्छा के अनुसार आत्मसमर्पण कर देती है, तो उसकी सभी समस्याएं धीरे-धीरे हल हो जाएंगी। इसी बहाने उसने 2022 से 2025 के बीच कई बार उसके साथ बलात्कार किया।






# शिंदे के दिल्ली दौरे के बाद राज्य में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा

**मुंबई.** महाराष्ट्र की सियासत में क्या डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे एक बार फिर से बड़ा खेला करने जा रहे हैं? शिंदे के दिल्ली दौरे से महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा तेज हो गई है, जिसे लेकर उद्धव ठाकरे गुट में बेचैनी बढ़ गई है. कहा जा रहा है कि उद्धव के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे गुट का दामन थाम सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद डिप्टीसीएम एकनाथ शिंद के संपर्क में है और सियासी पाला बदलने के लिए तैयार हैं. शिदे का यह कदम उस बड़े मिशन का हिस्सा है, जिसका मकसद अपनी पार्टी की ताकत बढ़ाना और संसद में अपने सदस्यों की संख्या को बढ़ाना है.

महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से बड़ा बदलाव की संभावना जताई जा रही है. एकनाथ शिंदे के तीन दिवसीय दिल्ली दौरे ने उद्धव ठाकरे गुट की बेचैनी को बढ़ा दिया है. हालांकि, शिंदे के साथ दिल्ली दौरे पर मौजूद रहे उदय सामंत ने कहा कि यह दौरा पूरी तरह से सांसदों के साथ संवाद और मार्ग दर्शन के लिए था.



## उद्धव को फिर झटका देंगे एकनाथ शिंदे

शिवेसना प्रमुख व डिप्टी सीएम एकनाथ ने अपने दिल्ली दौरे पर सबसे पहले संसद भवन पहुंचे. संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात की और उसके केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले थे. सूत्रों की माने तो उद्धव ठाकरे के 9 लोकसभा सांसदों में से आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में है और पाला बदलने के इच्छुक है.

शिवसेना के सूत्रों ने बताया है कि दिल्ली यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री शिंदे ने अपने सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने उद्धव गुट के सांसदों के पाला बदलने के मुद्दे पर चर्चा की. एकनाथ शिंदे ने कथित तौर पर इच्छुक सांसदों की सूची की समीक्षा की और कानूनी विशेषज्ञों के साथ उनके शामिल होने से जुड़े कानूनी प्रावधानों और संभावित बाधाओं पर चर्चा की.

शिंदे खेमा अब इस कदम को आधिकारिक तौर पर अंजाम देने के लिए सही मौके का इंतज़ार कर रहा है, जिससे ठाकरे के नेतृत्व वाला विपक्ष काफी कमज़ोर पड़ सकता है. ऐसे शिंदे ने दिल्ली दौरे पर कानूनी विशेषज्ञों से इस संबंध में राय भी ली है. इसके बाद से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा महराष्ट्र में तेज हो गई.

## महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा क्यों?

महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनाव से बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन अपनी जीत का सिलसिला बरकार रखा है. नगर निगम चुनाव से लेकर जिला परिषद और मेयर तक के चुनाव में बीजेपी और शिवेसना की जोड़ी हिट रही है. दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे ने मुंबई की सत्ता भी गंवा चुकी है और बीजेपी का बीएमसी पर पूरी तरह से कब्जा है, जिसके चलते शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं में राजनीतिक बेचैनी बढ़ गई.

एकनाथ शिंदे ने मौके की नजाकत को देखते हुए अपनी सियासी ताकत बढ़ाने की रणनीति बनाई, जिसके लिए उद्धव गुट के सांसदों को मिलाकर अपनी ताकत संसद में बढ़ाने की है. ऐसे में एकनाथ शिंदे का दिल्लीदौरा ऐसे समय में हुआ है, जब महाराष्ट्र में दल-बदल की अटकले लगा जा रही थी. शिंदे के दिल्ली में पीएम मोदी और अमित शाह से मुलाकात को 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चाओं को और हवा दी है.

## शिंदे गुट का इनकार, उद्धव गुट बेकरार



उद्धव गुट के सांसदों के पाला बदलने की संभावनाओं से शिंदे गुट के नेता इनकार कर रहे हैं. शिवसेना कोटे के मंत्री उदय सामंत ने स्पष्ट किया है कि शिंदे के दिल्ली दौरे का 'ऑपरेशन टाइगर' से कोई संबंध नहीं है. दिल्ली में शिंदे के साथ मौजूद रहे सामंत ने कहा कि यह दौरा पूरी तरह से सांसदों के साथ संवाद और मार्गदर्शन के उद्देश्य से किया गया था.

शिंदे गुट के नेता भले ही इनकार कर रहे हों, लेकिन उद्धव गुट बेकरार है. उद्धव ठाकरे के सामने अपने सियासी वजूद को बचाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है. केंद्र से लेकर राज्य तक की सत्ता से बाहर हो गई है. इतना ही नहीं जिला परिषद से लेकर नगर निगम और नगर पालिका तक में पार्टी कमजोर हुई है. शिवसेना के नेताओं की सियासी बेचैनी बढ़ती जा रही है और उन्हें अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता सता रही है.

## यूपी में नहीं दिखा नहीं दिखा माह-ए-शव्वाल का चांद, 21 मार्च मनाई जाएगी ईद

माह-ए-रमजान के 29 रोजे गुरुवार को पूरे हो गए। शाम को सभी माह-ए-शव्वाल माह का चांद देखने का बेसब्री से इंतजार करते दिखे। उलमा किराम ने चांद देखने की कोशिश की। मौसम साफ होने के बाद भी चांद नजर नहीं आया। और देश के अन्य किसी हिस्से से भी चांद के नजर आने की कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं आई।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया धर्मगुरुआ मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि शव्वाल माह का चांद नजर नहीं आया है इसलिए ईद-उल-फित्र का त्योहार शनिवार 21 मार्च को अकीदत, मुहब्बत व रवायत के अनुसार मनाया जाएगा। शुक्रवार 20 मार्च को 30वां रोजा रखा जाएगा और माह-ए-रमजान के अंतिम जुमा की नमाज अदा की जाएगी।

मौलाना फरंगी महली ने बताया कि 21 मार्च को ईद-उल-फित्र मनाई जाएगी। इसका ऐलान 19 मार्च की शाम साढ़े सात बजे कर दिया गया। मौलाना ने कहा ईदगाह में ईद की नमाज सुबह दस बजे होगी। ईदगाह में औरतों की नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।



# समंदर पर दौड़ेगी वॉटर मेट्रो, 11 नए जलमार्ग, 24 टर्मिनल बनेंगे

## ■ CM फडणवीस का ग्रीन सिग्नल

**मुंबई.** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में परिवहन के कई विकल्प हैं। इनमें बेस्ट की बसों के साथ लोकल ट्रेनें, मोनोरेल और मेट्रो की सुविधा है। ऐसे में जब मुंबई के अंदर पॉड टैक्सी को शुरू करने पर काम चल रहा है तब सरकार ने वॉटर मेट्रो दौड़ाने को भी हरी झंडी दे दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधान भवन में जल आधारित परिवहन की समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में जल आधारित सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर मेट्रो परियोजना तीन चरणों में लागू करने का निर्देश दिया। इस बैठक में राज्य के मत्स्य एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे भी मौजूद रहे।

## ■ महाराष्ट्र में ही बनें सभी जहाज

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जहाज निर्माण के लिए राज्य में उपयुक्त जमीन चिन्हित करने पर भी जोर दिया। इस बैठक में बैठक में मत्स्य और बंदरगाह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी और महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड के



वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि वॉटर ट्रांसपोर्ट के लिए जरूरी सभी जहाज महाराष्ट्र के ही शिपयार्ड में बनाए जाएं। इतना ही नहीं गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। फडणवीस ने कहा कि यह देश के सबसे बड़े शिपयार्ड प्रोजेक्ट्स में से एक होगा। वॉटर मेट्रो से मुंबई से नवी मुंबई का सफर एक अनुमान के अनुसार सिर्फ 40 मिनट में पूरा होगा। नवी मुंबई में पिछले साल के आखिर में नया एयरपोर्ट शुरू हो चुका है।

## ■ क्या हैं सरकार की तैयारी?

मत्स्य और बंदरगाह विभाग और दूसरे विभाग के सहयोग से सरकार समंदर का इस्तेमाल परिवहन के लिए करना चाहती है। सरकार का अनुमान है कि अगर मुंबई में वॉटर मेट्रो शुरू होती है तो अगले पांच सालों में (2031 तक) हर साल 7.5 करोड़ यात्रियों के इस सेवा का उपयोग करेंगे। महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड इस परियोजना में 3,436 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि 207 इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड जहाजों के संचालन के लिए निजी कंपनियां करीब 3,156 करोड़ रुपये लगाएंगी। इसके तहत 11 नए जलमार्ग और 24 नए टर्मिनल विकसित करने की योजना है। ये जलमार्ग करीब 215 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेंगे। इसके अलावा 21 मौजूदा रूट्स और 20 टर्मिनलों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस तरह कुल जलमार्ग नेटवर्क 340 किलोमीटर तक पहुंच जाएगा। एक वक्त पर नितिन गडकरी भी जल परिवहन के लिए प्रयास कर चुके हैं लेकिन कई प्रोजेक्ट चर्चा के बाद अटक गए थे, लेकिन मुंबई की स्थिति और जरूरत को देखते हुए वॉटर मेट्रो सफल रहने की संभावना अधिक है।

# शेयर बाजार में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

## ■ सेंसेक्स 2497 अंक गिरकर 74,207 पर

## ■ निफ्टी 776 अंक टूटा

**मुंबई.** शेयर बाजार में आज यानी 19 मार्च को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26%) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26%) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

### HDFC बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, शेयर 5% गिरा

HDFC बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस वजह से आज इसके शेयर में 5.11% की गिरावट रही। ये 43 रुपए



गिरकर 800 रुपए पर आ गया है। चक्रवर्ती ने बैंक के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए हैं। अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा- श्पिछले दो साल के दौरान मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाओं और तौर-तरीकों को देखा है, जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाते।

चक्रवर्ती के जाने के बाद रिजर्व बैंक की मंजूरी से केकी मिस्त्री को 19 मार्च 2026 से तीन महीने के लिए अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया है। केकी मिस्त्री फिलहाल बैंक के बोर्ड में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे।

### निवेशकों की वेल्थ एक दिन में 13 लाख करोड़ रुपए घटी

BSE में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन कल के 439 लाख करोड़ रुपए से घटकर आज 426 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। यानी सिर्फ एक दिन में निवेशकों की वेल्थ में 13 लाख करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है।




# ठाणे जिले में हीटवेव के लिए 'मिशन शीतल कवच'

## ■ जिला प्रशासन ने तैयार किया पूरा प्लान

**ठाणे.** राज्य में हर साल तापमान बढ़ रहा है और हीटवेव का लोगों की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है, ठाणे जिला प्रशासन ने खास पहल 'मिशन शीतल कवच' के तहत एक पूरा एक्शन प्लान तैयार किया है। एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंट, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, हेल्थ सिस्टम और जिला डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के साथ मिलकर लोगों की सुरक्षा और जागरूकता पैदा करने के लिए कई उपाय लागू किए जाएंगे।

हीटवेव को देखते हुए, शहरों में पब्लिक जगहों पर छाया और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। लोकल सेल्फ-गवर्नमेंट बॉडीज़ को बस स्टैंड, मार्केट, रिक्शा स्टैंड जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों पर टेम्परी शेड बनाने और 'वॉटर ATM' या पीने के पानी की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि मॉल भी आम लोगों को ठंडे पानी की सुविधा दें। शहर के पार्कों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रखकर लोगों को आराम की सुविधा देने का भी फैसला किया गया है।

हेल्थ डिपार्टमेंट ने हीटस्ट्रोक के मरीज़ों के तुरंत इलाज के लिए हर




हॉस्पिटल में अलग से ठंडे या AC वाले वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। हीटस्ट्रोक के लक्षण मिलने पर तुरंत इलाज के लिए 'रैपिड रिस्पॉन्स टीम' तैनात की जाएगी। आशा वर्कर और आंगनवाड़ी वर्कर घर-घर जाकर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और मज़दूरों जैसे कमज़ोर ग्रुप के लोगों में जागरूकता फैलाएंगे।

एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन और लेबर सेक्टर में भी बदलाव का सुझाव दिया गया है। गर्मी की तेज़ी को देखते हुए, स्कूल सुबह के समय लगाने या ज़रूरत के हिसाब से छुट्टी करने की सलाह दी गई है। दोपहर में फील्ड गेम्स से बचना चाहिए, और मिड-डे मील में छाछ या ORS शामिल करना चाहिए। कंस्ट्रक्शन और दूसरे मज़दूरों के काम के घंटों में बदलाव करके एम्प्लॉयर के लिए वर्कप्लेस पर छाया, ठंडा पानी और फर्स्ट एड की सुविधा देना ज़रूरी किया जाएगा।

प्रशासन ने कहा है कि हीटवेव से बचने के लिए नागरिकों को रेगुलर पानी पीना चाहिए, अपनी डाइट में नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी जैसे नेचुरल ड्रिंक्स शामिल करने चाहिए, हल्के रंग के कॉटन के कपड़े पहनने चाहिए और सीधी धूप से बचना चाहिए। यह भी अपील की गई है कि खासकर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें, और शराब, ज़्यादा चीनी वाले ड्रिंक्स या कैफीन वाले ड्रिंक्स कम पिएं।

जिला कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, निवासी उप जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संदीप माने तथा जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनीता जवंजाल ने अपील की है कि भीषण गर्मी से स्वयं एवं दूसरों को बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की आवश्यकता है तथा स्वयं एवं दूसरों को बचाना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# उल्हासनगर में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स पर कार्रवाई

## ■ टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट ने अवैध कंस्ट्रक्शन पर डेवलपर को दिया नोटिस




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के शांतिनगर एंट्रेंस पर कैंप नंबर 3 में बने कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में अवैध कंस्ट्रक्शन का मामला एक बार फिर सामने आया है।

मनपा के टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट ने डेवलपर को बयान देने का नोटिस जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि इस कॉम्प्लेक्स में 31,000 स्क्वेयर फीट तक एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन किया गया है। इससे शहर के बड़े कंस्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स के होश उड़ गए हैं।

उल्हासनगर के शांतिनगर के कैंप नंबर 3 में इस प्लॉट पर एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया गया है, और इसमें बड़ी कंपनियों और नामी संस्थानों के ऑफिस हैं। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट से इस कॉम्प्लेक्स में बड़े पैमाने पर अवैध कंस्ट्रक्शन की शिकायत की थी।

### अवैध कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई के संकेत

इंस्पेक्शन में इस प्रोजेक्ट में कई टेक्निकल गलतियां मिली हैं। प्रपोज़ल में नियमों के मुताबिक ज़रूरी पार्किंग अरेंजमेंट नहीं दिखाया गया है। मैप में बड़ी गलतियां हैं और 31 हज़ार स्क्वेयर फीट का कंस्ट्रक्शन अप्रूव्ड प्लान से ज़्यादा है। म्युनिसिपैलिटी ने डेवलपर के अवैध कंस्ट्रक्शन को रेगुलराइज़ करने के लिए दिए गए रिवाइज़्ड प्रपोज़ल को रिजेक्ट कर दिया है। हमने डेवलपर से नोटिस के ज़रिए एक्सप्लेनेशन मांगा है। अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो अवैध कंस्ट्रक्शन पर डिमोलिशन एक्शन लिया जाएगा।

**– विकास बिरारी**
टाउन प्लानर उल्हासनगर मनपा

इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डिपार्टमेंट ने पहले भी तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की थी। हालांकि, डेवलपर के अनुरोध के बाद इस कार्रवाई को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। टाउन प्लानर बिरारी ने बताया कि कैंप नंबर 1 में स्पेक्टविन नाम की एक मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग के बढ़े हुए कंस्ट्रक्शन के बारे में डेवलपर को नोटिस दिया गया है और नोटिस देकर कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं।

# रत्नागिरी में दाऊद इब्राहिम की जमीन बिकी

## ■ मुंबई के शख्स ने खरीदी चारों संपत्तियां

**मुंबई.** महाराष्ट्र के रत्नागिरी से एक बड़ी खबर सामने आई है. अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी पुश्तैनी जमीनों की नीलामी आखिरकार सफल हो गई है. 5 मार्च को केंद्र सरकार की ओर से कराई गई इस नीलामी में मुंबई के दो बोलीदाता ने सभी चार कृषि भूमि पार्सल खरीद लिए. यह जमीनें रत्नागिरी के खेड तालुका के मुम्बके गांव में स्थित हैं, जो दाऊद इब्राहिम का पैतृक गांव माना जाता है. खास बात यह है कि इनमें से कई संपत्तियां उसकी मां अमीना बी के नाम पर दर्ज थीं।

### SAFEMA कानून के तहत हुई नीलामी

यह नीलामी तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेरकर्ता अधिनियम यानी SAFEMA के तहत की गई. इस कानून के जरिए सरकार उन लोगों की संपत्तियां जब्त करती है, जो तस्करी या अवैध गतिविधियों में शामिल रहे हैं.

अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कासकर परिवार से जुड़ी संपत्तियों के निपटान की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. हालांकि, अभी खरीदार की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है.

### भुगतान और मंजूरी की प्रक्रिया बाकी

नीलामी जीतने वाले बोलीदाता को अप्रैल 2026 की शुरुआत तक पूरी रकम जमा करनी होगी. इसके बाद सक्षम प्राधिकारी की अंतिम मंजूरी मिलेगी और फिर संपत्तियों का ट्रांसफर पूरा किया जाएगा. अधिकारियों के मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया में कानूनी जांच और कागजी कार्रवाई भी अहम भूमिका निभाएगी, ताकि आगे किसी तरह का विवाद न हो. यह पहली बार नहीं है जब इन जमीनों की नीलामी की गई हो. इससे पहले 2017, 2020, 2024 और 2025 में भी कई बार कोशिशें की गईं, लेकिन हर बार या तो बोलीदाता नहीं आए या नीलामी पूरी नहीं हो सकी. यहां तक कि नवंबर 2025 में रिजर्व प्राइस करीब 30 प्रतिशत तक घटाने के बावजूद भी कोई खरीदार

### कम दिलचस्पी की बड़ी वजहें

अधिकारियों के मुताबिक, इन संपत्तियों में लोगों की कम दिलचस्पी के पीछे कई कारण रहे हैं. सबसे बड़ी वजह दाऊद इब्राहिम से जुड़ा 'कलंक' माना जाता है. इसके अलावा जमीनों का ग्रामीण इलाके में होना, कृषि उपयोग की सीमाएं और कानूनी-सामाजिक संवेदनशीलता भी बड़े कारण हैं. यही वजह है कि लंबे समय तक ये संपत्तियां बिक नहीं पाईं.

इस बार की नीलामी में सर्वे नंबर 442 (हिस्सा नंबर 13-B) की जमीन, जिसकी रिजर्व कीमत 9.41 लाख रुपये थी, 10 लाख रुपये से ज्यादा में बिकी. इस पर दो बोलीदाता शामिल हुए थे. वहीं बाकी तीन जमीनों सर्वे नंबर 533, 453 और 617 पर सिर्फ एक ही बोलीदाता ने हिस्सा लिया और उसने ही सभी संपत्तियां खरीद लीं.

# उल्हासनगर में वर्ल्ड विमेंस फेस्टिवल खत्म

## ■ कैंसर अवेयरनेस थीम ने खींचा ध्यान



**उल्हासनगर.** वर्ल्ड विमेंस डे के मौके पर वार्ड नंबर 18 की कॉर्पोरेटर अंजलि साल्वे ने 14 और 15 मार्च को विमेंस फेस्टिवल ऑर्गनाइज़ किया। कैंसर अवेयरनेस के मेन कॉन्सेप्ट पर बेस्ड इस फेस्टिवल में हज़ारों महिलाओं ने अपनी मर्ज़ी से हिस्सा लिया।

उल्हासनगर में हुए दो दिन के विमेंस फेस्टिवल प्रोग्राम में डॉ. अवंतिका फुंडे ने महिलाओं को HPV वैक्सीनेशन की इंपॉर्टेंस समझाई, जबकि एडवोकेट उज्ज्वला खाड़े और प्रल्हाद जाधव ने उन्हें डोमेस्टिक वायलेंस और साइबर क्राइम के टॉपिक पर गाइड किया। शहर की आशा वर्कर्स ने नुक्कड़ नाटकों के ज़रिए सर्वाइकल कैंसर के बारे में अवेयरनेस फैलाई। फेस्टिवल में पिंक मैराथन, रंगोली, कुकिंग, डांस (मां-बेटी), फैशन शो और रील मेकिंग कॉम्पिटिशन भी ऑर्गनाइज़ किए गए। इससे फेस्टिवल का एक अलग ही रंग देखने को मिला।

महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स को सही मार्केट दिलाने के लिए फेस्टिवल में अलग-अलग सामान के स्टॉल लगाए गए थे। इस इवेंट में मेयर अश्विनी कमलेश निकम, शिवसेना ग्रुप लीडर अरुण आशान, लोकल कॉर्पोरेटर राजेश वानखेड़े और कई दूसरे जाने-माने लोग मौजूद थे। इस मौके पर 10वीं और 12वीं में 90% से ज़्यादा नंबर लाने वाले स्टूडेंट्स और खास काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं के लिए होम मिनिस्टर (पैठणी) गेम रखा गया। निशिगंधा पोतदार, पूजा भामरे और सोनाली स्थुल पैठणी विनर रहीं। 'क्राइम पेट्रोल' फेम एक्टर सतीश नाइकोडी ने 'पैठणी' गेम को बहुत अच्छे से कंडक्ट किया।

# फर्नीचर के तीन-चार गोदाम जलकर खाक

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बृहस्पतिवार को फर्नीचर के गोदामों में आग लग गई जिससे तीन. चार गोदाम जलकर राख हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी ।

भिवंडी-निजामपुर नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी नितिन चव्हाण ने बताया कि काशेली क्षेत्र के चामुंडा कॉम्प्लेक्स में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे आग लग गयी लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि भिवंडी, ठाणे और कल्याण से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं एवं आग पर काबू पाने का अभियान जारी है। चव्हाण ने कहा, '' परिसर में रखे अत्यधिक ज्वलनशील फर्नीचर के कारण दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में कठिनाई हो रही है।'' अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि तीन-चार फर्नीचर गोदाम जलकर नष्ट हो गये हैं तथा आग लगने की वजह का तत्काल पता नहीं चल पाया है।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया.

**आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099